लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक शुक्ल पक्ष, नवमी 9.10 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 3, अंक 352, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, बुधवार, 2 नवंबर 2022

www.amritvichar.com

PAGE NO: 06 TOP

मैन डिस्पोजेज, गॉड प्रपोजेज का रिद्धिमा में हुआ मंचन

अमृत विचार, बरेली

इंद्रधनुष रंग महोत्सव के दौरान मंचन करते कलाकार। नाटक का मंचन देखते एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति व अन्य।

- श्रीराममूर्ति स्मारक रिद्धिमा थिएटर की ओर से हुई इंद्रधनुष रंग महोत्सव की शुरुआत
- नसीरुद्दीन शाह के भतीजे सलीम शाह के निर्देशन में मंगलवार को हुआ नाटक का मंचन

श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में दूसरे इंद्रधनुष रंग महोत्सव की मंगलवार को शुरुआत हो गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी जेसी पालीवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन देव मूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। इस दौरान जेसी पालीवाल ने कला के जरिये समाज के विकसित होने और एकता की बात कही। उन्होंने कहा कि कला ही लोगों को जोड़ती है और समाज का विकास करती है। भागदौड़ भरी जिंदगी में इससे जुड़ना शरीर और मानसिक सेहत के लिए भी जरूरी है। देव मूर्ति ने रिद्धिमा की स्थापना की वजह बताई। उन्होंने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब, सांस्कृतिक विरासत और शास्त्रीय संगीत व शास्त्रीय नृत्य को बचाने के साथ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों को जोड़ने के लिए रिद्धिमा की स्थापना की गई थी।

कोरोना काल में स्थापित इस संस्थान ने कम समय में ही शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय और सुगम संगीत, नाट्य कला, ललित कला एवं रंगमंच के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। पहले दिन थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव में जॉन मोर्टिमर के डॉक- ब्रीफ के हिंदी रूपांतरण मैन डिस्पोजेज, गॉड प्रपोजेज का मंचन किया गया।

इसका रूपांतरण और निर्देशन सलीम शाह ने किया। वे नसीरुद्दीन शाह के भतीजे हैं। उन्होंने एडवोकेट कमल कांत त्रिपाठी की मुख्य भूमिका भी निभाई। उनका साथ जय सिंह ने हिमाकत कुरैशी के किरदार में दिया। वहीं, बुधवार को बनी ठनी से रसिक बिहारी का मंचन किया जाएगा। इस मौके पर ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा.अनुज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।